>

Title: Need to extend the train service running between Pratapgarh (Uttar Pradesh) and Bhopal upto Indore and also make it a daily service.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़): मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ से भोपाल के बीच एक रेल सेवा सप्ताह में तीन दिन चल रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग उज्जैन एवं महाबलेश्वर की तीर्थ यात्रा करते हैं और हजारों की संख्या में प्रतापगढ़ के एवं आस-पास जिलों के लोग इन्दौर में कार्यरत हैं। उपरोक्त रेल सेवा केवल भोपाल से प्रतापगढ़ के बीच सेवारत है जिसके कारण तीर्थ यात्रियों एवं इंदौर में काम करने वाले लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। यहां के लोगों की मांग है कि उपरोक्त रेल सेवा को भोपाल से इंदौर के लिए बढ़ाया जाए और इस रेल सेवा को सप्ताह के तीन दिन के स्थान पर प्रति दिन चलाया जाए।

अतः सरकार से अनुरोध है कि प्रतापगढ़ और भोपाल के बीच चलने वाली उपरोक्त रेल सेवा को इंदौर तक बढ़ाया जाए और उक्त रेल सेवा को सप्ताह में तीन की बजाय रोजना चलाया जाए।